बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

16 मार्च, 2021

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग].

Total Short Notice Question- 5

विकसित कबतक

***132 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा में सदर अस्पताल है;

(ख) क्या यह सही है कि आरा सदर अस्पताल में काफी संख्या में प्रत्येक दिन रोगी दिखाने के लिए आते हैं, सृजित पदों के अनुसार चिकित्सक, नर्स हैं; ब्लड बैंक में कर्मचारी नहीं रहने के कारण यह 24 घंटा नहीं खुला रहता है;

(ग) क्या यह सही है कि आरा सदर अस्पताल को Model Hospital के रूप में विकसित करने की योजना प्रक्रियाधीन है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक आरा सदर अस्पताल में सृजित पदों के अनुसार चिकित्सक, नर्स और Model Hospital के रूप में विकसित कराना चाहती है?

अनुदान देने पर विचार

***133 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

Will the **ऊर्जा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि कृषिकार्य हेतु बिजली की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये राज्य में डेडिकेटेड कृषि फीडर के स्थापना का निर्णय लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इस योजना के तहत सभी इच्छुक आवेदकों को विद्युत कनेक्शन दिया जा चुका है;

(ग) क्या यह सही है कि कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत की खपत पर सरकार अनुदान प्रदान करती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताएगी कि इस योजना के तहत अब तक कितने किसानों को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध किया जा सका है और कितना आवेदन लंबित है एवं कृषिकार्य हेतु बिजली की दर क्या है तथा सरकार द्वारा इस मद में उपभोक्ताओं को अनुदान देने के लिए वर्ष 2019, 2020 में कितनी राशि व्यय की गयी है?

उर्दू अकादमी का गठन

***134 श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

Will the **अल्पसंख्यक कल्याण** be pleased to state:-

क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि उर्दू अकादमी का गठन अभी तक नहीं किया गया है जिससे उर्दू भाषा-भाषी में काफी मायूसी है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उर्दू अकादमी का गठन करना चाहती है?

डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति

***135 श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहार शरीफ प्रखंड के ग्राम-तेतरावां में कार्यरत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेतरावां में डॉक्टर एवं नर्स मात्र दो घंटे ही बैठते हैं, जिसके कारण मरीजों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि पूर्व में डॉक्टर एवं नर्स 24 घंटे बैठते थे तथा अस्पताल समुचित रूप से चल रहा था;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बिहार शरीफ प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेतरावां में डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति 24 (चौबीस) घंटे करने एवं अस्पताल के सुव्यवस्थित तरीके से संचालन की व्यवस्था सरकार सुनिश्चित करना चाहती है?

नियुक्ति पर विचार

*136 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2012 – 13 , 2013 – 14, 2014 – 15 में 603.24 करोड़ की लागत से राज्य में 202 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया गया;

(ख) क्या यह सही है कि Indian public Health Standards के गाइडलाइन के अनुसार प्रति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में Public Health Specialist, Public Health Nurse, General Surgeon, Physician, Gynaecologist, Dental Surgeon, Lab Technician, Ayush Staff, Nurse आदि के स्वीकृत पद पर नियुक्ति की कार्रवाई अब तक नहीं की गई है, जिससे मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो रिक्त पदों के विरुद्ध कबतक सरकार नियुक्ति करने का विचार रखती है?